# किसानों ने अनाज मंडी के गेट पर जड़ा ताला

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जून।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले की कृषि उपज मंडी में आज उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब गुस्साए किसानों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अपनी उपज बेचने आए सैकड़ों किसानों ने मंडी के मुख्य गेट पर

**बोली शुरू कराने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया**

ताला जड़ दिया और जमकर नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि मंडी में फसलों की बोली (नीलामी) समय पर शुरू नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें भीषण गर्मी में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

**भीषण गर्मी में घंटों इंतजार, फूटा किसानों का गुस्सा :** मंडी परिसर से मिली जानकारी के अनुसार, सुबह से ही श्योपुर और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान अपनी फसलें लेकर मंडी पहुंचे थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जब व्यापारियों और मंडी स्टाफ द्वारा बोली प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो किसानों का सब्र टूट गया।

**मंडी गेट पर ताला लगाकर ठप किया कामकाज :** नाराज किसानों ने एकजुट होकर मंडी के मुख्य प्रवेश द्वार (मंडी गेट) को बंद कर दिया और उस पर अपना ताला लटका दिया। गेट बंद होने से मंडी के अंदर और बाहर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और मंडी का पूरा कामकाज ठप हो गया। प्रदर्शनकारी किसान मांग कर रहे हैं कि जब तक सीनियर अधिकारी मौके पर आकर तुरंत और नियमित रूप से बोली शुरू कराने का लिखित आश्वासन नहीं देते, तब तक ताला नहीं खोला जाएगा।

**प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचने की तैयारी में :** मंडी गेट पर ताला बंदी और हंगामे की सूचना मिलते ही मंडी सचिव और स्थानीय पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। किसानों को समझाने और मामला शांत कराकर जल्द से जल्द नीलामी प्रक्रिया शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, किसानों का रुख अभी भी कड़ा बना हुआ है।

**किसानों का कहना है**

हम रात-रात भर जागकर अपनी उपज ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर लाते हैं। यहां आने के बाद घंटों तक बोली शुरू नहीं होती। इस तपती धूप और उमस में न तो हमारे बैठने की सही व्यवस्था है और न ही फसलों को सुरक्षित रखने की। मंडी प्रशासन और व्यापारियों की लापरवाही का खामियाजा हमेशा किसानों को भुगतना पड़ता है।

## कराहल तहसीलदार हटाई गईं, रायपुरिया को मिली कमान

**श्योपुर, 01 जून 2026।** जिला प्रशासन ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कराहल तहसीलदार रोशनी शेख को पद से हटा दिया है। रोशनी शेख पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतों के घेरे में थीं, जिसके बाद कलेक्टर ने यह कड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर द्वारा जारी किए गए नए आदेशों के मुताबिक, अब कराहल तहसील की नई कमान तहसीलदार नरेश रायपुरिया को सौंपी गई है।

**हटाया गया:** तहसीलदार रोशनी शेख (लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कार्रवाई)।

**नई नियुक्ति:** तहसीलदार नरेश रायपुरिया को कराहल तहसील का नया प्रभार।

**आदेश जारी:** कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से आदेश लागू करने के निर्देश दिए।

रोशनी शेख के खिलाफमिल रही शिकायतों को देखते हुए क्षेत्र में इस प्रशासनिक बदलाव की चर्चा काफी समय से चल रही थी। नए तहसीलदार नरेश रायपुरिया के सामने अब कराहल तहसील के लंबित मामलों को निपटाने और प्रशासनिक व्यवस्था को दोबारा सुचारू रूप से पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती होगी।



# फार्मर आईडी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें : डीएम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जून।** टीएल बैठक के दौरान निर्देश दिये कि जिले के सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करते हुए उनकी आईडी जनरेट की जायें, एग्रीस्टैक एप पर प्रगति

**एग्रीस्टैक एप पर प्रगति लायें, यह ई-विकास प्रणाली में आवश्यक**

बढाई जायें, इसके माध्यम से ई-विकास प्रणाली अंतर्गत किसानों को उर्वरक की उपलब्धता में आसानी होगी। उन्होंने कृषि, राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए प्रगति बढाते हुए शत प्रतिशत किसानों की आईडी बनाई जायें, वर्तमान में 1 लाख 31 हजार खसरे रजिस्टर्ड किये गये है, जिन्हें किसानों के अनुरूप क्लब करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को फार्मर आईडी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जायें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जा रहे है, उन्होंने निर्देश दिये कि अन्य लोगों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए अपने भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने जल का अपव्यय रोकने के लिए सभी को नलो में टोटियां लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिये।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों द्वारा की जा रही विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों को एमएसएमई पोर्टल पर पंजीकृत कराया जायें। इसके साथ ही उन्होंने समूहों को विभिन्न कार्य की आजीविका मूलक गतिविधियों से जोडने के निर्देश भी दियें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालयों, स्वच्छता परिसरों तथा स्कूलों के शौचालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील के माध्यम से सेवाएं प्राप्त की जा सकती है, जिससे स्थानीय सफाई मित्रों को भी आजीविका उपलब्ध होगी। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मानधन योजना में श्रमिकों को पंजीयन कराये जाने तथा एनएच-552 पर रायपुरा में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश भी दिये।

# व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन, बताईं समस्याएं



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जून।** जिले के शासकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर रहे प्रशिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों और विभागीय समस्याओं को लेकर अब असंतोष गहराने लगा है। अपनी विभिन्न सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संघ जिला श्योपुर के बैनर तले व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने एक होकर आवाज बुलंद की है।

संघ के जिला अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में एकत्रित हुए व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी (क्म्) कार्यालय और श्रम विभाग पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

**सेवा शर्तों और कार्य परिस्थितियों को सुधारने की मांग :** सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने अपनी बदहाल कार्य परिस्थितियों और सेवा संबंधी विसंगतियों को पुरजोर तरीके से उठाया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसके बावजूद उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से कई प्रकार की विसंगतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगें उठाई गईं :**

सेवा सुरक्षा और स्थायित्व: व्यावसायिक प्रशिक्षकों की नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और उन्हें सेवा संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं।

समय पर मानदेय का भुगतान: कई महीनों से लंबित पड़े मानदेय का समय सीमा के भीतर भुगतान किया जाए ताकि आर्थिक तंगी से जूझ रहे प्रशिक्षकों को राहत मिल सके।

श्रम नियमों का पालन श्रम विभाग को सौंपे गए ज्ञापन में व्यावसायिक प्रशिक्षकों के लिए श्रम कानूनों के तहत निर्धारित न्यूनतम वेतन और अन्य बुनियादी सुविधाओं को कड़ाई से लागू करने की मांग की गई है।

**विभागीय प्रताड़ना पर रोक :** स्थानीय स्तर पर व्यावसायिक प्रशिक्षकों के साथ होने वाले भेदभाव और अनावश्यक विभागीय दबाव को तुरंत समाप्त किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष सहित जिलेभर से आए दर्जनों व्यावसायिक प्रशिक्षक उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि यदि उनकी जायज मांगों पर जल्द ही सकारात्मक विचार कर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई, तो संघ पूरे जिले में कार्य बंद कर उग्र आंदोलन और प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी।

**अधिकारियों ने दिया उचित स्तर पर बात रखने का आश्वासन**

जिला शिक्षा अधिकारी और श्रम विभाग के संबंधित अधिकारियों ने व्यावसायिक प्रशिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए आश्वस्त किया कि वे इस विषय को पूरी संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार शासन और उच्च स्तर के समक्ष रखेंगे, ताकि समस्याओं का जल्द से जल्द और उचित समाधान निकाला जा सके। इस बड़े घटनाक्रम के बाद अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन युवाओं की मांगों पर कितनी जल्दी संज्ञान लेता है, क्योंकि व्यावसायिक प्रशिक्षकों के आंदोलन की राह पर जाने से जिले के सैकड़ों छात्र-छात्राओं की व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास का कार्य प्रभावित हो सकता है।



# पोषण आहार किट का वितरण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जून।** सेवा दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी श्योपुर जिला शाखा द्वारा जिला चिकित्सालय सभाकक्ष में क्षय रोगियों को पोषण आहार किट का वितरण कर किया गया। इस दौरान 10 क्षय रोगियों का एक्स-रे चैकअप कर पोषण किट व दवाइयां वितरण की गई।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, जिला प्रतिनिधि रेडक्रॉस जिला सचिव वीके सक्सेना, उपाध्यक्ष जुगल बंसल, वरिष्ठ समाजसेवी व सदस्य रामअवतार शर्मा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष व प्रबंध समिति सदस्य अखिल भदौरिया, जिला सचिव दिनेशराज दूबोलिया, प्रबंध समिति सदस्य मनोज सर्राफ महावीर गुप्ता, विष्णु बाल्मीकि सदस्यगण अरूण ओसवाल, प्रमोद गुप्ता, मो.अशरफ ख्वाजा, रिंकू मित्तल, विप्लव शर्मा, बूंदु खां आदि क्षय टीम से वीके शर्मा, सुरेन्द्र वैष्णव, यश दीक्षित, सादिक मो. मोहन श्रीवास्तव, श्रीमती रीना मीणा आदि ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, चेयरमैन एड. अमित सूद, सचिव दिनेशराज दूबोलिया, उपाध्यक्ष जुगल बंसल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, सदस्यद्वय ओम राठौर, मनोज सर्राफ गौरीशंकर मीणा, प्रमोद गुप्ता, डॉ.दीपज्ञान मीणा द्वारा 10 निक्षय मित्र बनाये गये है, जिन्हें इनके द्वारा 6 माह तक पोषण किट उपलब्ध कराई जायेगी।

## जीर्णोद्धार के बाद निखरा ग्राम महाराजपुरा कुंए का स्वरूप



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जून।** जल गंगा सवंर्धन अभियान अंतर्गत प्राचीन बावडियों एवं कुओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार के कार्य कराये जा रहे है। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में अभियान के तहत प्राचीन एवं एतिहासिक बावडियों को उनका पुराना वैभव प्रदान करने के लिए जहां जीर्णोद्धार तथा बावडियों के प्राकृतिक जल मार्गो को साफ-सफाई कर पुर्नजीवित करने का कार्य किया जा रहा है, वही प्राचीन कुओं को भी निखारा जा रहा है। कुओं में पानी के पर्याप्त जल स्तर के लिए कूप वाटर रिचार्ज के कार्य किये जा रहे है। इसके साथ ही साफ-सफाई, रंगाई-पुताई एवं मरम्मत से कुओं का स्वरूप निखरने लगा है।

ग्राम महाराजपुरा में प्राचीन कुए को भी नया रूप देने का कार्य अभियान के तहत किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इस प्राचीन कुएं की साफ-सफाई कराते हुए सौन्द्रर्यकरण किया गया है, जिससे कुए का स्वरूप निखर कर आकर्षक हो गया है।

# 17 दिव्यांगजनों को लगाए कृत्रिम हाथ-पैर



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जून।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में एडिप योजना अंतर्गत एलिम्को के निर्देशानुसार ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर दिव्यांगजनो को कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग सामग्री वितरित किये जाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र डीडीआरसी बायपास रोड श्योपुर पर ऑन द स्पॉट नि: शुल्क चिन्हांकन सह वितरण शिविर का आयोजन कर 17 दिव्यांगजनों के कृत्रिम हाथ एवं पैर मौके पर ही बनाकर लगाये गये। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट आदि विशेष रूप से उपस्थित रहें।

एसआर ट्रस्ट एवं एलिम्को के माध्यम से आयोजित शिविर में नरेंद्र कुमार प्रोस्थेटिस्ट एंड ओर्थोटिस्ट एलिम्को जबलपुर, सुश्री प्रिया वर्मा प्रोस्थेटिस्ट एंड ओर्थोटिस्ट एसआर ट्रस्ट, लाखन सिंह मीणा मैनेजर एसआर ट्रस्ट, राम गिरीश पाण्डेय टेक्नीशियन एसआर ट्रस्ट, नरेन्द्र पवार टेक्नीशियन, संपत साकेत टेक्नीशियन द्वारा शिविर के दौरान कृत्रिम हाथ एवं पैर की आवश्यकता वाले 17 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन परीक्षण करते हुए मौके पर ही कृत्रिम हाथ एवं पैर तैयार किये गये और दिव्यांगजनों को लगाये गये। शिविर में कुल 41 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया तथा 35 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरणों क लिए चिन्हित किया गया, जिसमें से 17 को कृत्रिम हाथ-पैर मौके पर ही लगाये गये, शेष 18 दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार अन्य कृत्रिम उपकरण प्रदाय करने हेतु चिन्हांकित किया गया।

इस अवसर पर उप संचाकल सामाजिक न्याय श्रीमति शशि किरण एक्का, ओमवीर रघुवंशी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, शौरभ राय सामजिक सुरक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी सतीश सिंह प्रशासनिक अधिकारी, अनिल यादव गतिशीलता प्रशिक्षक, राजभान पटेल टेक्नीशियन, अशोक यादव विशेष शिक्षक, राजवीर कुशवाहा समग्र संयोयक, भानू वर्मा,रनछोर, श्रीमती दीपिका तोमर, विक्रम उपस्थित रहे।

उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री शशि किरण इक्का ने बताया कि इसी क्रम में 02 जून को नगरपरिषद भवन बडौदा में, 03 जून को जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में, 04 जून को पंचायत भवन ढोढर, 05 जून को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर तथा 06 जून को पंचायत भवन वीरपुर में शिविर आयोजित किये जायेगे।

## कराहल थाना प्रभारी बने भारत, यास्मीन को मिली महिला थाने की कमान

**श्योपुर, 01 जून।** श्योपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले के पुलिस महकमे में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। इस नए आदेश के तहत कई थानों के प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है, जिसमें कराहल और महिला थाना मुख्य रूप से शामिल हैं।

**भारत सिंह गुर्जर की कराहल वापसी :** आदेश के मुताबिक, भारत सिंह गुर्जर को एक बार फिर कराहल थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है। क्षेत्र में उनके पिछले अनुभवों और कानून व्यवस्था पर पकड़ को देखते हुए उन्हें पुन: यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने को अपनी प्राथमिकता बताया है।

**यास्मीन खान को महिला थाने की जिम्मेदारी :** वहीं दूसरी ओर, तेजतर्रार पुलिस अधिकारी टीआई (टाउन इंस्पेक्टर) यास्मीन खान का तबादला कर उन्हें महिला थाने की नई कमान सौंपी गई है। महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ जिला पुलिस को मिलेगा।

# समस्याओं के निराकरण के लिए अभियान 5 से

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जून।** जिले में सहरिया जनजाति के भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु 5 जून से अभियान चलाया जायेगा, जिसके तहत सहरिया आदिवासियों की भूमि पर

**अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित**

इस समुदाय से भिन्न किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा पाया जाता है तो कब्जा हटाने के साथ ही भूमि सीमांकन का कब्जा दिलाने की कार्यवाही की जायेगी, यदि उनकी भूमि का बटांकन नही है तो बटांकन करने के बाद सीमांकन किया जायेगा। इस कार्य की निगरानी एसडीएम कराहल, श्योपुर एवं विजयपुर द्वारा की जायेगी तथा प्रतिदिन की गई कार्यवाही की जानकारी भू-अभिलेख शाखा की गूगल शीट पर अंकित की जायेगी।

इस संबंध में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में आज एक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें विधायक विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष



नीरज जाट, रामप्रसाद गोरछिया सहित आदिवासी समाज के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहें। इसके साथ ही एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव भी उपस्थित रहें।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि सहरिया जनजाति के भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु 5 जून से 20 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत सहरिया समुदाय की भूमि पर गैर आदिवासी का कब्जा होने की स्थिति में कब्जा हटाने तथा सीमांकन कर कब्जा सौपने की कार्यवाही की जायेगी, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि भी संबंधित अनुभाग क्षेत्र में इस प्रकार के कब्जो के संबंध में राजस्व अधिकारियों को जानकारी अथवा आवेदन प्रदान कर सकते है।

उन्होने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि इस प्रकार के मामलो में जानकारी देकर सहयोग प्रदान करें। एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया ने कहा कि विशेष अभियान के तहत पुलिस के पर्याप्त प्रबंध रहेगे तथा राजस्व अधिकारियों के साथ पुलिस के अधिकारी भी इस टीम में शामिल रहेंगे।

एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव ने इस संबंध में जानकारी दी कि कराहल विकासखण्ड में 5-5 ग्रामों पर एक दल बनाया गया है, जिसमें आरआई और पटवारी को शामिल किया गया है। इस दल के द्वारा सहरिया समुदाय की भूमि के सीमांकन के कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके साथ ही राजस्व एवं पुलिस बल के दल के साथ मामले संज्ञान में आने पर कब्जा हटाने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि सीमांकन दल तथा पटवारियों की जानकारी तथा सहरिया समुदाय के किसान आवेदक की जानकारी पर कब्जा हटाने की कार्यवाही की जायेगी, आवेदन एसडीएम कार्यालय में भी दिये जा सकते है, जहां पर पंजी संधारित की जायेगी।